तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 31.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 08 जून 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

10 कलेक्टर ने साइकिल रैली पूरी कर नागरिकों...



10 पांच वर्षों से कर रहे पौधारोपण और ...



## खबर संक्षेप

### पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

**महासमुंद।** एनएच 353 सुवरमाल मोड़ के पास एक बाइक को पिकअप ने टक्कर मार दिया, जिससे बाइक में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर कोमाखान थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को खेलसिंग निषाद पिता स्व बृजलाल निषाद (29 साल) ग्राम देवरी ने बताया कि वह अपनी बुआ के दशगात्र कार्यक्रम के लिए सामान लेने अपने जीजा राजकुमार निषाद के साथ बाइक से कोमाखान गया थ। सामान लेकर वापस घर जाते समय एनएच 353 रोड सुवरमाल मोड़ क्रास कर अपने साइड में जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे पिकअप वाहन क्र. सीजी 04 एनबी 9944 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे पीछे बैठे जीजा राजकुमार निषाद के सिर, कमर एवं पैर में चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281,125(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### भर्ती परीक्षा के लिए होगा चार मेगा टेस्ट सीरीज

**महासमुंद।** नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय महासमुंद में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी प्रत्येक भर्ती परीक्षा के पूर्व प्रारंभ से ही मेगा टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। आगामी सूबेदार/ उपनिरीक्षक/ प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा 12 जुलाई 2026 को होनी है। भर्ती परीक्षा के लिए 04 मेगा टेस्ट सीरीज नवकिरण अकादमी व जिला ग्रन्थालय द्वारा लिया जाएगा। जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, बीएल देवांगन जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में भर्ती परीक्षा के लिए 04 मेगा टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा।

# देखरेख के अभाव में दम तोड़ रहा ऑक्सीवन, लाखों के उपकरण भी हुए बेकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पर्यावरण संरक्षण और आम जनता को शुद्ध हवा मुहैया कराने के उद्देश्य से वर्ष 2017 में जिले में लाखों रुपए की लागत से ऑक्सीजन वन तैयार किए गए थे। वित्त पोषण हरियर कोष मद से निर्मित ये वन आज विभागीय उपेक्षा और संरक्षण के अभाव में अपनी पहचान खो रहे हैं। देखरेख न होने के कारण यहां लगे पौधे सूख रहे हैं और लाखों की लागत से स्थापित उपकरण कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं। बरोंडा बाजार स्थित ऑक्सीजन वन की स्थिति वर्तमान में अत्यंत दयनीय है। इस वन को सुरक्षित रखने के लिए चारों ओर लोहे के तारों की फेंसिंग (घेराबंदी) की गई थी, जो अब कई स्थानों से टूट चुकी है। बाउंड्री वाल और तार टूटने के कारण मवेशी आसानी से भीतर प्रवेश कर रहे हैं, जिससे पौधों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। इतना ही नहीं, स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य लाभ के लिए यहां लाखों रुपए की लागत से ओपन जिम के उपकरण लगाए गए थे। रखरखाव की कमी और जंग लगने के कारण ये व्यायाम उपकरण अब पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। कई उपकरण टूट गई हैं, जिससे यहां आने वाले लोग इनका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। नगर के नागरिकों का कहना है कि प्रशासन केवल निर्माण कार्य में रुचि दिखाता है, लेकिन उनके रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। यदि समय रहते इन वनों की फेंसिंग ठीक कराई गई होती और पौधों को पानी दिया गया होता, तो आज यह शहर का सबसे सुंदर हिस्सा होते।

## विभागीय उपेक्षा और संरक्षण के अभाव में अपनी पहचान खो रहे

### अस्तित्व के संकट में ऑक्सीजन वन

इससे भी बदतर स्थिति दलदली रोड स्थित ऑक्सीजन वन की है। यहां स्थिति ऐसी है कि अब यह क्षेत्र वन जैसा दिखाई ही नहीं देता। स्थानीय लोगों के अनुसार, देखरेख और पानी की व्यवस्था न होने के कारण अधिकांश पौधे सूख कर समाप्त हो चुके हैं। यहां लगाया गया भारी-भरकम बजट अब व्यर्थ नजर आ रहा है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण यह क्षेत्र अब असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है।



### लाखों की राशि पर फिर रहा पानी

वर्ष 2017 में जब इन ऑक्सीजन वनों की आधारशिला रखी गई थी, तब दावा किया गया था कि इससे शहर के प्रदूषण स्तर में कमी आएगी और लोगों को टहलने के लिए एक प्राकृतिक वातावरण मिलेगा। हरियर कोष मद से इसके लिए बड़ी धनराशि आवंटित की गई। लेकिन, वर्तमान स्थिति को देखकर इस उद्देश्य के पूर्ति की संभावना दूर दूर तक नजर नही आ रही है।

### कार्रवाई: 63 लाख का गांजा तस्करी कर रहे दो गिरफ्तार

# पिकअप में कटहल के नीचे छिपा सवा क्विंटल गांजा पकड़ा पुलिस ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तीन गुना फायदा के लिए ओड़ीशा से अन्य राज्यों तक गांजा तस्करी थमने का नाम नही ले रही। लगातार धरपकड़ के बावजूद यह सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा। एक रिपोर्ट के मुताबिक तस्करी होने वाले गांजा का केवल 20-22 फीसदी गांजा ही पुलिस के हत्थे चढ़ पाता है। वहीं तस्करी के अनूठे प्रयोग भी लगातार सामने आते रहे हैं।

जिले के पुलिस ने इस बार कटहल के नीचे छिपाकर ले जाया जा रहा 125 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय सीमा पर एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। तस्करों ने पुलिस की नजरों से बचने के लिए गांजे की बोरियों को कटहल के नीचे छिपाकर रखा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ओड़िशा की ओर से एक पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 70एल टी 0860 में गांजा भरकर उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा है।




सूचना के आधार पर एन्टी नारकोटिक टास्क फोर्स और सिंघोड़ा थाना पुलिस ने रेहटीखोल चेक-पोस्ट पर वाहनों की सघन जांच शुरू की। कुछ समय बाद, मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का वाहन वहां से गुजरता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने तुरंत वाहन को रुकवाया और उसकी तलाशी ली।

वाहन की गहन तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पिछले हिस्से में कटहल की बोरियों के नीचे छिपाकर रखी गई 4 प्लास्टिक की बोरियां मिलीं। इन बोरियों की जांच करने पर उनमें से कुल 125.700 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया।

### पकड़े गए तस्कर

पुलिस ने वाहन में सवार दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने अपना नाम धीरेंद्र कुमार गौतम (42 वर्ष) और लवकुश गौतम (22 वर्ष) बताया है। दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे इस गांजे को ओड़िशा के बलांगीर जिले से लेकर आ रहे थे और इसे उत्तर प्रदेश में खपाने की योजना थी।

### पुलिस ने जब्त की लाखों की संपत्ति

पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त टाटा माजदा वाहन, 125.700 किलोग्राम गांजा और एक मोबाइल फोन जब्त किया है। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत 62,85,000 रुपये है, जबकि वाहन और अन्य सामग्री मिलाकर कुल जब्त संपत्ति का मूल्य लगभग 70,93,000 रुपये है। आरोपियों के खिलाफ थाना सिंघोड़ा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी),(ii),(सी) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# सागौन पेड़ की चोरी, दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सागौन पेड़ को काटकर चोरी करने के मामले में कोमाखान थाने में दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को राधेश्याम चंद्राकर ग्राम खैरट कला ने बताया कि उसके नाम से पटवारी हल्का नं. 13 रनिम नर्रा तहसील कोमाखान ग्राम कछारडीह में खसरा नं. 274/2, रकबा 0.28 हे. जमीन है। जिसके मेड़ में एक नग विशालकाय सागौन वृक्ष था, जिसे एवन साहू एवं उसके साथी ने मिलकर 04 जून की रात काटकर चोरी कर लिया और उसे अपने घर ब्यारा एवं खेत में पाटकर व पैरा में छिपाकर रखे थे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### छह बोर में लगे केबल वायर चोरी

**महासमुंद।** ग्राम कोल्दा खार में एक किसान के खेत में छह बोर के केबल वायर चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध खल्लारी थाने में जुर्म दर्ज का गया है। पुलिस को हितेश कुमार साहू निवासी ग्राम कोमा ने बताया कि ग्राम कोल्दा खार में उसकी स्वयं की ढाई एकड़ खेती जमीन है, जिसमें 07 बोर है। इसके अलावा वह अपने खेत के साथ करीबन 10 एकड़ आसपास खेत को रेगहा में लेकर खेती करता है। उसने बताया कि 3 जून की रात 8 बजे से चार जून को छह बज 06.00 बजे के मध्य उसके खेत के 06 बोर के सबमनर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 200 फीट को कोई अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। इसके अलावा उक्त घटना दिनांक को ही ग्राम कोल्दा खार के किसान हुमेलाल साहू ग्राम कोल्दा के खेत में लगे 02 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 130 फीट, हेमलाल साहू ग्राम कोल्दा के खेत में लगे 01 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 20 फीट, फलराम साहू ग्राम कोल्दा के खेत में लगे 01 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 50 फीट एवं ग्राम कोमा खार में ग्राम कोमा के किसान महेंद्र चंद्राकर ग्राम कोमा के खेत में लगे 02 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 90 फीट, मनोज कौशिक ग्राम कोमा के खेत में लगे 02 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 80 फीट, मनोज चंद्राकर ग्राम कोमा के खेत में लगे 01 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 30 फीट, इंद्रकुमार चंद्राकर ग्राम कोमा के खेत में लगे 01 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 40 फीट, थानेश चक्रधारी ग्राम कोमा के खेत में लगे 01 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 40 फीट पुरानी इस्तेमाली सबमर्सिबल पंप में लगे करीबन कुल 680 फीट केबल वायर कीमत करीबन 30,600 रुपए को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# तापमान में गिरावट के साथ प्री-मानसून की आहट

## इस बार मानसून लगभग चार दिन की देरी से यानी 20 जून के आसपास प्रवेश करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भीषण गर्मी और नौतपा के समापन के बाद जिलेवासियों को राहत मिली है। पिछले एक सप्ताह में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। जिले का अधिकतम तापमान जो पहले 46.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के बाद अब घटकर लगभग 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास आ गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और कमी आने की उम्मीद है। गर्मी से राहत के साथ ही जिले में मानसून के आगमन को लेकर भी नई जानकारी सामने आई है। केरल में मानसून के आगमन में तीन दिन की देरी हुई है, जिसका असर छत्तीसगढ़ के जिले पर भी पड़ने की संभावना है। सामान्य तौर पर जिले में मानसून 16 जून तक पहुंच जाता है, लेकिन वर्तमान स्थितियों को देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि इस बार मानसून लगभग चार दिन की देरी से, यानी 20 जून के आसपास महासमुंद में प्रवेश करेगा। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो जून के महीने में अक्सर बारिश का स्तर कम रहता है और मानसून का मुख्य दौर जुलाई और अगस्त में शुरु होता है। इस वर्ष भी इसी प्रकार के ट्रेंड की संभावना जताई जा रही है।



### मौसम विभाग का अनुमान

वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। यह मानसून अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल और बंगाल की खाड़ी के विभिन्न हिस्सों की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों में यह प्रक्रिया और तेज होगी। साथ ही, उत्तर प्रदेश के आसपास सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव भी मौसम की दिशा तय कर रहा है।

### आगामी दिनों में साफ रहेगा मौसम

जिले में अगले दो से तीन दिनों तक मौसम मुख्य रूप से साफ रहने का अनुमान है। हालांकि, कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना बनी रहेगी। कुछ स्थानों पर तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने जैसी स्थिति भी हो सकती है। अधिकतम तापमान में अभी कोई बड़ा बदलाव होने के आसार नहीं हैं। कुल मिलाकर, फिलहाल जिले में प्री-मानसून गतिविधियां सक्रिय होने लगी हैं। सप्ताह के अंत तक बारिश की गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है, जिससे किसानों और आम लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिलने की संभावना है। मानसून के आगमन की देरी से कृषि कार्यों में भी योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करने की आवश्यकता है।

# 5 दिनों में 120 वारंटी गिरफ्तार अनेक पुराने मामले सुलझे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अपराधों पर नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से महासमुंद पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, 1 जून से 5 जून तक चले इस 5 दिवसीय विशेष सर्च मुहिम में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 120 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है । पुलिस की इस कार्रवाई में 29 स्थायी वारंट और 91 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं। इन वारंटियों में न केवल महासमुंद जिले के, बल्कि अन्य जिलों की अदालतों से जारी वारंट भी शामिल थे। इस दौरान पुलिस ने 9 वर्ष पुराने एक स्थायी वारंट वर्ष 2017 को भी सफलतापूर्वक तामील किया है। इसके अलावा, चेक बाउंस से जुड़े 7 मामलों में भी वारंटियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए स्थायी वारंटियों में आबकारी एक्ट के 9, गाली-गलौज व मारपीट के 9, एनआईए के 8, दुर्घटना का 1, चोरी का 1 और एनडीपीएस का 1 मामला शामिल है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी मई माह में पुलिस ने 1 से 5 मई तक अभियान चलाकर 65 वारंटियों को न्यायालय पेश किया था।

### अनुभागवार ने की कार्रवाई

महासमुंद अनुविभाग कोतवाली, तुमगांव और खल्लारी थानों में कुल 11 स्थायी और 11 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। बागबाहरा अनुविभाग बागबाहरा, कोमाखान और तेंदूकोना थानों में 5 स्थायी और 22 गिरफ्तारी वारंटों पर कार्रवाई हुई। पिथौरा अनुविभाग पिथौरा, सांकरा और पटेवा थानों में 5 स्थायी और 13 गिरफ्तारी वारंट पूरे किए गए। सरायपाली अनुविभाग बसना, सरायपाली, सिंघोड़ा और बलौदा थानों में 8 स्थायी और 45 गिरफ्तारी वारंटों की तामीली की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि न्यायालयों द्वारा जारी वारंटों और समनों पर त्वरित कार्रवाई करना उनकी प्राथमिकता है। जिले की शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले आपराधिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की यह सख्ती आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण द्वारा विभिन्न खेल संघों एवं संस्थाओं के माध्यम से महासमुंद जिले में विभिन्न खेलों में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 17 मई से 06 जून 2026 तक आयोजित किया गया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में यह आयोजन 17 मई से प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत किया गया, जिसमें मिनी स्टेडियम में हैंडबॉल इमरान अली, कुलेश्वर चंद्राकर, अभिषेक अंबिलकर, शुभम तिवारी द्वारा बास्केटबॉल, नेटबॉल, लखन लाल साहू, छन्नू साहू द्वारा फुटबॉल, फारेस्ट विद्यालय में अंजनी साहू द्वारा लॉन टेनिस, सॉफ्ट टेनिस, स्क्वैश, घनश्याम सोनी द्वारा बैडमिंटन, भोरिंग एवं तुमगांव में डॉ. सुनील कुमार, भोई, जगदीश धीवर, सेवन साहू, अभिषेक नेहरु द्वारा रग्बी, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, तीरंदाजी, तलवारबाजी, शास. उ. मा. वि. बेमचा में डॉ. सेवन दास मानिकपुरी हॉकी तथा बॉल बैड़मिंटन, ग्राम पंचायत खटटी में गणेश कोसरे, तोरण यादव द्वारा बालीबाल, चंद्रोदय पब्लिक स्कूल में भीषम मांडले द्वारा ताइक्वांडो, सिटी स्पोर्ट्स क्लब में आनंद वैष्णव एवं नीलकंठ, शेखर, खुशी साहू द्वारा गुरु गोविंद सिंह उद्यान में कराते, किक बाक्सिंग, वुशु, बचपन विद्यालय में संदीप पटले द्वारा शतरंज, हितेश यादव, सत्य नारायण दुर्गा द्वारा योगासन, बॉल आश्रम बिहाझर में डॉ. पुनेंद्र चंद्राकर द्वारा तीरंदाजी खेलों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर के माध्यम से नवोदित खिलाड़ियों को तैयार किया गया, बच्चों में खेल कौशल का विकास, खेलों में भागीदारी, महिलाओं की भागीदारी एवं आत्मरक्षा, योगासन एवं जुंबा जैसे गतिविधियों के माध्यम से फिटनेस के साथ प्रतियोगिता के लिए तैयार किया गया। जिले के खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होकर पदक जितने में सफल रहे। जिले से कराते खेल में सब-जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में 02 खिलाड़ी श्रृष्टि एवं उत्कर्ष की भागीदारी, राष्ट्रीय सब-जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप में भोरिंग के 02 खिलाड़ी शालिनी एवं केशरी ने भुवनेश्वर में रजत पदक जीता। राष्ट्रीय पैंटाथलॉन गुजरात में में 03 खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक अभिषेक, निमेश एवं आयुष की भागीदारी, जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप पुडुचेरी में महासमुंद की दिव्या रंगारी ने सबसे अधिक अंक बनाकर छत्तीसगढ़ को स्वर्ण पदक दिलाया एवं मोस्ट वॉल्यूएबल प्लेयर का खिताब हासिल किया, जिसमें उन्हें 50 हजार की राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।




मिनी स्टेडियम महासमुंद में आयोजित समापन समारोह में अतिथि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, माई भारत से अशोक चक्रधारी व खेल संघो के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति साहू एवं रश्मि ठाकुर ने बहुत सुंदर एकल सांस्कृतिक प्रस्तुति दिया। कराते स्कूल द्वारा सेल्फ डिफेंस में किक, पंच, काता, लाठी फ़ाइट आदि का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षको का सम्मान किया गया, विभिन्न गतिविधियों के विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं मोमेंटो व प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

# कोसरंगी गुरुकुल आश्रम में पुरोहित प्रशिक्षण शिविर आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समाज में संस्कार सम्पन्न एवं प्रशिक्षित पुरोहितों की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री एवं छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम के अध्यक्ष गजेन्द्र यादव की प्रेरणा से पुरोहित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 8 से 16 जून 2026 तक गुरुकुल आश्रम कोसरंगी (महासमुंद) में किया जा रहा है। इसमें तकरीबन 150 प्रशिक्षणार्थियों के शामिल होने की बात संस्था द्वारा दी गई है।

यह शिविर संस्कृत विद्यामंडलम के सचिव डॉ. विजयकुमार खंडेलवाल के निर्देशन तथा अमित शुक्ला सहायक संचालक छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम के विशेष सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर के सफल संचालन में गुरुकुल आश्रम, कोसरंगी के आचार्य मुकेश कुमार का विशेष योगदान एवं मार्गदर्शन रहेगा। प्रशिक्षार्थियों को वैदिक संस्कार, यज्ञ-विधि, पूजन-पद्धति, कर्मकाण्ड एवं शुद्ध मंत्रोच्चारण का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण भूषण शर्मा द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य समाज को योग्य, संस्कारित एवं कुशल पुरोहित प्रदान करना तथा वैदिक संस्कृति, परंपराओं एवं संस्कारों के संरक्षण एवं संवर्धन को सुदृढ़ बनाना है।

# सरकारी अस्पतालों में जांच मशीनों की सुविधा, पर टेक्निशियनों का टोटा, एकमात्र वजह- भर्ती नियम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी अस्पतालों में जांच मशीनें तो पर्याप्त संख्या में मौजूद हैं पर उसे चलाने के लिए टेक्निशियनों का टोटा बना हुआ है। सरकारी अस्पतालों में पैरामेडिकल कोर्स सात साल तक संचालित किया गया था, जिसमें करीब दस हजार टेक्निशियन तैयार हुए थे, जिसके बाद इसकी पढ़ाई बंद कर दी गई। भर्ती नियम नहीं होने की वजह से एक साल का कोर्स करने वाले ज्यादातर बेरोजगार रह गए। अब यह पाठ्यक्रम पुनः शुरू करने की तैयारी है।

सूत्रों के मुताबिक मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पतालों में तकनीशियनों की भर्ती के लिए नियम और पद स्वीकृत नहीं है। जांच मशीनों को चलाने के लिए कुछ एक मशीनों को छोड़कर बाकी के लिए संविदा आधार पर व्यवस्था की गई है। ज्यादा कर्मचारी नहीं होने की वजह से जांच मशीनों का ज्यादा उपयोग नहीं हो पाता है और मरीजों को इसकी वजह से अनावश्यक इंतजार भी करना पड़ता है। सूत्रों का कहना है कि मशीनों का संचालन करने वाले जानकारों के अभाव की एकमात्र वजह उनके लिए भर्ती नियम और पद स्वीकृत नहीं होना है। आंबेडकर अस्पताल समेत अन्य विभिन्न शासकीय कालेजों में वर्ष 2003 पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स का संचालन शुरू कराया गया था। वर्ष 2010 तक करीब दस हजार टेक्निशियन तैयार हुए। इनके लिए रोजगार बड़ी समस्या थी जिसके बाद इस पाठ्यक्रम को भारी विरोध की वजह से बंद कर दिया गया। जानकारों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग आने वाले दिनों में राज्य के तमाम शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में पैरामेडिकल तकनीशियन कोर्स संचालित करने की तैयारी में हैं।

## सात साल तक चला था पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स, अब पुनः शुरू करने की तैयारी

### ज्यादातर हो गए उम्रदराज

आंबेडकर अस्पताल के ईएनटी विभाग आडियोलॉजी का कोर्स करने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि पढ़ाई करने के बाद उन्हें सरकारी अस्पतालों में नौकरी मिलने की आस थी मगर ऐसा नहीं हो पाया। कुछ सालों तक इंतजार के बाद उन्होंने जीवन यापन के लिए दूसरा काम करना स्वीकार किया। उस दौर में यह कोर्स करने वाले ज्यादातर लोग उम्रदराज हो चुके हैं।



### पहले भर्ती की व्यवस्था हो

जानकारों का कहना है कि पहले पैरामेडिकल कोर्स उत्तीर्ण हुए ऑडियोलॉजी टेक्नीशियन सेवा भर्ती नियम बनाकर पद स्वीकृत किया जाए। सभी मेडिकल कॉलेज के नाक कान गला विभाग और जिला अस्पताल में फिर पैरामेडिकल कोर्स प्रारंभ किया जाए। इससे इस कोर्स को पूर्ण करने वालों को अस्पतालों में सेवा का मौका मिल सके।

---

## खबर संक्षेप

### 9 को कैबिनेट, खरीफ की तैयारियों और तबादलों से प्रतिबंध हटाने पर विचार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में 9 जून को कैबिनेट बैठक बुलाई गई है। बैठक कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाने की संभावना है। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, खरीफ फसल की तैयारियां, मानसून पूर्व तैयारियों पर विचार किया जा सकता है। वहीं शासकीय कर्मचारियों के तबादलों पर से प्रतिबंध हटाने पर चर्चा कर निर्णय लिए जा सकते हैं।
कैबिनेट की बैठक का एजेंडा जारी नहीं किया गया है, लेकिन जिन विषयों की चर्चा है उनमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन का संचालन ढांचा और विभागवार जवाबदेही तय की जाएगी। 9 जून को ही सेवा के शुभारंभ की तैयारी चल रही है।
खरीफ की तैयारियां को लेकर कृषि विभाग की समीक्षा होगी, इसमें उर्वरक उपलब्धता, बीज वितरण, नैनो यूरिया/डीएपी के भंडारण और वितरण की स्थिति पर चर्चा हो सकती है। मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर जल संसाधन, सिंचाई, बिजली और आपदा प्रबंधन से जुड़े प्रस्ताव पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। साथ ही कैबिनेट में नई विकास परियोजनाएं और वित्तीय स्वीकृति, विशेषकर सड़क, पुल, शहरी विकास और ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े मामलों पर निर्णय हो सकता है।
जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा तथा कुछ नई घोषणाओं पर विचार किया जा सकता है।
प्रशासनिक निर्णय के तहत तबादलों पर प्रतिबंध हटाने और विभिन्न विभागों की नीतिगत फाइलों को मंजूरी दी जाएगी।

### इंटीग्रेटेड योग शिविर में 200 साधकों ने लिया योग का लाभ



रायपुर। पतंजलि योग परिवार एवं ऐश्वर्या रेसीडेंसी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को ऐश्वर्या रेसीडेंसी गार्डन, वीआईपी चौक में स्वामी रामदेव महाराज के प्रतिरूप स्वामी परमार्थदेव महाराज के सान्निध्य में एक दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 200 योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। शिविर में स्वामी परमार्थदेव महाराज ने योग को केवल शारीरिक व्यायाम न मानकर जीवन जीने की एक समग्र पद्धति बताया। कार्यक्रम में ऐश्वर्या रेसीडेंसी परिवार के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, जगदीश काकुल आदि शामिल थे।
इसके बाद विचार गोष्ठी आयोजित होगी। इस कार्यक्रम में सतनामी समाज के सभी सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा महिला मंडल के सदस्यों को शामिल होने की अपील की गई है।

### माली की मृत्यु, जिम्मेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग



**रायपुर।** केस्ट ग्रीन सोसायटी के अध्यक्ष द्वारा सोसायटी के माली से लापरवाहीपूर्वक काम कराने जाने के समय विद्युत झटका लगने से मृत्यु हो गई है। ऐसी घटनाओं में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और मुआवजे की मांग की जा रही है। पीड़ित पक्ष ने प्रेसवार्ता के जरिए बताया कि लगभग 6 माह तक घुमाने के बाद भी अध्यक्ष के खिलाफ मृतक के परिवार द्वारा शिकायत करने पर पुलिस थाना सरस्वती नगर ने परिजनों का बयान लिया और आज दिनांक तक एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। अन्य पदाधिकारियों द्वारा मृतक के परिजनों को धमकी भी दी जा रही है। सोसायटी किसी भी रूप से पीड़ित परिवार को सहयोग नहीं कर रही है व अन्य पदाधिकारियों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन को अपना काम करने दे रही है।

---

## महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिवेदन के बाद भी कार्रवाई नहीं

# करीब 7 माह पहले छापा, 26 नाबालिग बच्चे रेस्क्यू, फैक्ट्री संचालक पर एफआईआर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कानून नाबालिग बच्चों से श्रम कराना अपराध की श्रेणी में आता है। इसके तहत अर्थदंड से लेकर जेल का भी प्रावधान है, लेकिन सिस्टम कहीं न कहीं तब बेबस हो जाता है, जहां अपराध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर, अपराध दर्ज तक नहीं किया जाता। ऐसा ही मामला खरोरा थाना क्षेत्र का है, जहां करीब 7 महीने पहले मोजा मशरूम फैक्ट्री में महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारा था। इस छापेमारी में मानवाधिकार आयोग दिल्ली से आए सदस्यों की टीम भी शामिल थी।

इस दौरान फैक्ट्री से लगभग 109 बच्चों को रेस्क्यू किया गया था, जिनमें 26 बच्चे नाबालिग मिले थे। इन सभी बच्चों को अच्छी इंकम का लालच देकर ओडिशा, असम, पश्चिम बंगाल, झारखंड, यूपी तथा एमपी से लाया गया था। इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग ने प्रतिवेदन बनाया था, जिसमें फैक्ट्री के संचालक एवं ठेकेदार को दोषी पाते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा था, लेकिन पुलिस ने इतने महीने गुजरने के बाद भी अब तक दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की है।



### छोटे कमरे में 15 बच्चों को ठूंस-ठूंस कर कराया जा रहा था काम

महिला एवं बाल विकास विभाग की जांच रिपोर्ट में यह उल्लेख है कि मोजा मशरूम फैक्ट्री में 26 नाबालिग बच्चों में 14 लड़के एवं 12 लड़कियां शामिल थीं। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि फैक्ट्री में छोटे-छोटे कमरे बने हुए हैं, जहां 15-15 बच्चों से ठूंस-ठूंस कर काम लिया जा रहा था। इस जांच में एक-दो बालिग लड़कियों ने विभागीय अधिकारियों को फैक्ट्री के ठेकेदार पर छेड़छाड़ एवं अभद्र व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया था। हालांकि जांच प्रतिवेदन में इसका उल्लेख है कि नहीं, इस संबंध में जानकारी सामने नहीं आई है।

### पुलिस जांच जारी बता रही

जांच के आधार पर फैक्ट्री संचालक एवं ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर कराने के लिए थाने में प्रतिवेदन दे चुके हैं। इसके लिए 8 से 10 बार थाने भी गए हैं, लेकिन पुलिस सिर्फ जांच जारी होने की बात कहकर एफआईआर नहीं कर रही है।
- संजय निराला, संरक्षण अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग, रायपुर

### अर्थदंड एवं जेल का प्रावधान

जांच के दौरान नाबालिग बच्चों से काम कराना पाया था। ऐसे अपराध के लिए अधिकतम 50 हजार रुपए तक का अर्थदंड एवं जेल का प्रावधान है। फैक्ट्री में दोबारा इस तरह का मामला मिला है। इसमें सजा का प्रावधान ज्यादा है।
- **देवेंद्र देवांगन**, जिला अधिकारी, श्रम विभाग, रायपुर

### एफआईआर करने से बच रही पुलिस, 7 माह में जांच पूरी नहीं

जिस छापेमारी में महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, पुलिस, यहां तक की मानवाधिकार आयोग की केंद्रीय टीम भी मौजूद थी, उसकी जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस द्वारा मामले में एफआईआर नहीं किया जाना समझ से परे है। हालांकि पुलिस का अभी भी यही कहना है कि इस मामले में जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही एफआईआर की जाएगी। विभाग के अनुसार इस फैक्ट्री से पूर्व में भी जांच कर बच्चों को रेस्क्यू किया गया था। उस समय भी इस मामले में संचालक-ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

---

# कैट ने खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण के नियमों में बड़े सुधार और लाइसेंस को आजीवन वैध बनाने मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट ने खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के अंतर्गत लागू कुछ नियमों में व्यहारिक सुधार करने और लाइसेंस को आजीवन वैध बनाने की मांग की है। इस संबंध में राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव और कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि

कुछ नियमों में व्यावहारिक सुधार एवं सरलीकरण की जरूरत है। इसके लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री चिराग पासवान को सुझाव पत्र भेजा गया है।

▪ राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को भेजे सुझाव

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने अपने पत्र में कहा है कि खाद्य सुरक्षा के मानकों को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, पर वर्तमान में लागू कुछ प्रक्रियाओं के कारण विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम व्यापारियों को अनावश्यक प्रशासनिक, वित्तीय एवं समयगत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि इन नियमों को व्यापार-अनुकूल एवं व्यावहारिक बनाया जाए तो इससे व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी।
कैट ने अपने सुझाव पत्र में मांग की है कि पंजीकरण एवं लाइसेंस के लिए बार-बार नवीनीकरण की अनिवार्यता समाप्त कर उसे आजीवन वैधता प्रदान की जाए। संगठन का कहना है कि जब तक व्यवसाय के स्वामित्व, पते, साझेदारी संरचना अथवा व्यवसाय की प्रकृति में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं होता, तब तक नवीनीकरण की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। कैट का मानना है कि इस व्यवस्था से विभागीय कार्यभार कम होगा, डिजिटल अनुपालन प्रक्रिया सरल होगी तथा छोटे व्यापारियों को अनावश्यक खर्च एवं जटिलताओं से राहत मिलेगी। देश में बड़ी संख्या में ऐसे व्यापारी हैं जो केवल सीलबंद, पैकेटबंद एवं ब्रांडेड खाद्य उत्पादों, अनाज, दालों एवं अन्य पूर्व-निर्मित खाद्य सामग्री का विक्रय करते हैं, ऐसे व्यापारी स्वयं खाद्य निर्माण, प्रसंस्करण या पकाने का कार्य नहीं करते। इसलिए इन व्यापारियों को फोस्टेक प्रशिक्षण की अनिवार्यता से छूट दी जानी चाहिए अथवा उनके लिए अलग एवं सरल अनुपालन व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

---

# श्रम सम्मान राशि में रोक से अनियमित कर्मचारी नाराज

**फेडरेशन ने अघोषित रूप से योजना को बंद करने का लगाया आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने राज्य सरकार पर श्रम सम्मान राशि योजना को अघोषित रूप से बंद करने का आरोप लगाया है। फेडरेशन के अनुसार वित्त विभाग के वित्त निर्देश के तहत 1 अगस्त 2023 से श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दरों पर दैनिक, मासिक वेतन प्राप्त करने वाले अकुशल, अर्ध कुशल, कुशल और उच्च कुशल श्रेणी के कर्मचारियों को प्रतिमाह 4 हजार रुपए श्रम सम्मान राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया था। यह निर्णय 1 अगस्त 2023 से प्रभावशील किया गया,जिससे प्रदेश के 35 हजार से अधिक अनियमित कर्मचारी लाभान्वित हो रहे थे। पर 5 जून 2026 को वरिष्ठ कोषालय

▪ आंदोलन की दी चेतावनी

अधिकारी द्वारा जारी पत्र में बिना नियुक्ति आदेश के श्रम सम्मान राशि के देयकों को कोषालय में प्रस्तुत नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश के चलते अनेक विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को सम्मान निधि से वंचित होने की स्थिति निर्मित हो गई है।

फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्य सरकार ने बिना किसी स्पष्ट नीति घोषणा किए श्रम सम्मान राशि योजना को अघोषित रूप से समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। इससे प्रदेश भर के अनियमित कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। फेडरेशन का आरोप है कि जिन कर्मचारियों के लिए यह योजना बनाई गई, उन्हें अब तकनीकि कारणों का हवाला देकर लाभ से वंचित किया जा रहा है। एक तरफ जहां महंगाई लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर अनियमि कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो रही है ऐसे समय में श्रम सम्मान राशि पर रोक लगाना कर्मचारियों के हितों के विपरीत है।



## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई की प्रबंध कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई की प्रबंध कार्यकारिणी की शनिवार को घोषणा की गई। महामंत्री कर्तव्य अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रभारी ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनुमान प्रसाद अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, राष्ट्रीय उपमहामंत्री प्रमोद जैन, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, पूर्व महामंत्री मुरली अग्रवाल की उपस्थिति में प्रबंध कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

▪ 15 जून तक प्रदेश कार्यकारिणी, जिला इकाई, महिला इकाई होगी घोषित

प्रबंध कार्यकारिणी में प्रभारी ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल बिलासपुर, महामंत्री कर्तव्य अग्रवाल रायपुर, महेश अग्रवाल बिलासपुर, कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल-दुर्ग,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, आनंद बेरीवाल रायगढ़,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद सिंघानिया, उप-महामंत्री राजीव अग्रवाल दिनेश सिंघल, विकाश अग्रवाल, युवा अध्यक्ष अमर सुल्तानिया, युवा महामंत्री नितेश अग्रवाल शामिल किए गए हैं।

प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लिया कि 15 जून तक पूरे प्रदेश की कार्यकारिणी, जिला इकाई, महिला इकाई, युवा इकाई घोषित कर दिए जायेंगे। 5 जुलाई को राजधानी के समता कालोनी स्थित मैक ऑडिटोरियम में में प्रथम कार्यकारिणी बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा।

---

# ऑटो, ई-रिक्शा का डिजिटल रजिस्ट्रेशन कराने वाला रायपुर देश का पहला शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में ट्रैफिक मैनेजमेंट ठीक करने पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने 20 मई से 5 जून तक अभियान चलाकर ऑटो तथा ई-रिक्शा का डिजिटल रजिस्टेशन करने का कार्य किया। अंतिम दिन शनिवार तक राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों से 15 हजार ई-रिक्शा तथा ऑटो मालिकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर पंजीयन की अवधि सात दिनों के लिए और बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि ऑटो तथा ई-रिक्शा का डिजिटल रजिस्ट्रेशन करने वाला रायपुर देश का पहला शहर बन गया है। ऑटो, ई-रिक्शा के मालिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने उन्हें अपनी गाड़ियों की पंजीयन कराने अभियान शुरू होने के साथ ही क्यूआर कोड जारी किया है। क्यूआर कोड के माध्यम से गाड़ी मालिक घर बैठे अपने ऑटो और ई-रिक्शा का पंजीयन करा सकते हैं। अभियान की खासियत यह रही कि इसमें वाहन चालकों को न तो किसी कार्यालय में लाइन लगानी पड़ी, न ही किसी प्रकार का शुल्क देना पड़ा और न ही उन्हें किसी प्रकार की प्रशासनिक असुविधा का सामना करना पड़ा। डिजिटल माध्यम से निर्धारित समयावधि के भीतर पंजीयन कार्य सफलतापूर्वक कराया गया। अब तक पंजीयन किए गये ऑटो, ई-रिक्शा चालकों के ऑनलाईन भरे गये फार्म को पुलिस कमिश्नर द्वारा एक साथ सभी को एक क्लिक में अप्रूवल किया गया।

▪ राजधानी में 20 मई से 5 जून तक 15 हजार गाड़ियों का पंजीयन



### अगले चरण में क्यूआर कोड लगाए जाएंगे

पंजीयन हो चुके ऑटो ई रिक्शा में अगले चरण में क्यूआर कोड लगाया जाएगा। वाहन में लगे क्यूआर कोड को स्कैन करने पर नागरिकों को उस वाहन के मालिक चालक की समस्त जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि आटो, ई-रिक्शा में आने-जाने वाले उन्हीं ऑटो, ई-रिक्शा में सवारी करें, जिनमें क्यूआर कोड हो। जिस ऑटो में क्यूआर कोड होगा, उस कोड को स्कैन करने पर सवारी को ऑटो चालक के बारे में डिटेल जानकारी मिल जाएगी।

### महिला यात्रियों के लिए राहत

क्यूआर कोड से ऑटो मालिक उसके ड्राइवर के बारे में पूरी जानकारी मिलने से महिला यात्रियों को सबसे ज्यादा राहत मिलेगी। रात के समय अकेली ऑटो, ई-रिक्शा में आने-जाने के समय महिला यात्री क्यूआर कोड के माध्यम से ड्राइवर, मालिक तथा ऑटो की पूरी जानकारी हासिल कर अपने साथ रख सकती है। किसी भी प्रकार की अनहोनी होने अथवा ऑटो, ई-रिक्शा में सामान भूलने पर स्कैन की गई जानकारी के माध्यम से पुलिस से सीधे मदद मांग सकती है। सभी ऑटो तथा ई-रिक्शा के चालक तथा मालिकों की कुंडली पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस एक क्लिक पर देख सकती है।

---

## योग आयोग के अध्यक्ष सिन्हा की श्रद्धांजलि सभा में जुटे भाजपा नेता व आरएसएस पदाधिकारी

# योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने किए थे कई बेहतरीन नवाचार : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) रूपनारायण सिन्हा के निधन पर उनके सम्मान एवं पुण्यस्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शनिवार को किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में पहुंचकर स्व. सिन्हा के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। श्री साय ने कहा कि जनवरी 2025 में योग आयोग के अध्यक्ष का पद संभालने के बाद सिन्हाजी ने योग को केवल स्वास्थ्य का माध्यम ही नहीं, बल्कि लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए कई बेहतरीन नवाचार किए थे। उन्हें एक बेहद सरल, सौम्य, अनुशासित और मृदुभाषी कुशल संगठनकर्ता के रूप में याद किया गया, जिन्होंने समाज के हर वर्ग में अपनी एक विशेष पहचान बनाई थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर, क्षेत्रीय संघ संचालक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना समेत अन्य विशिष्टजनों ने श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, सदस्यों, कार्यकर्ताओं, छत्तीसगढ़ आयोग योग से जुड़े समस्त योग प्रशिक्षकों एवं नागरिकों ने श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मूल संगठन एवं अनुषांगिक संगठन परिवार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। योग आयोग की तरफ से गौरव देवांगन ने स्व. सिन्हा के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान का स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

▪ योग आयोग के अध्यक्ष दिवंगत रूपनारायण सिन्हा की श्रद्धांजलि सभा



### राजनीतिक-सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान : सक्सेना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय संघचालक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना ने कहा कि राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन में भी उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। वे 2003-2005 भाजपा बस्तर संभाग संगठन मंत्री रहे, छत्तीसगढ़ प्रांत के 90 विधानसभा के विस्तारक योजना के सहसंयोजक रहे, 2024 लोकसभा चुनाव छत्तीसगढ़ में 5 लोकसभा में विशेष प्रभार रहा, 2024 से वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रांत समन्वयक एवं सहयोग केंद्र प्रमुख रहे एवं वर्ष 2025 जनवरी से वर्तमान में अध्यक्ष छत्तीसगढ़ योग आयोग (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) पद का महत्वपूर्ण दायित्व निभा रहे थे।

---

# साहू समाज का वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा 7 जून से प्रदेशव्यापी वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण महाअभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधारोपण करना नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देना है।

▪ प्रत्येक परिवार लगाए एक पौधा, प्रकृति संरक्षण में निभाए अपनी सहभागिता- प्रदीप

प्रदेश संयुक्त सचिव प्रदीप साहू ने जारी बयान में कहा, आज पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और जल संकट जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में सामाजिक संगठनों की जिम्मेदारी केवल समाज तक सीमित नहीं रहती, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा करना भी हमारा कर्तव्य है। समाज ने "एक परिवार – एक वृक्ष" का संकल्प लेकर प्रदेशभर में व्यापक अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने समाज की सभी जिला इकाइयों, परिक्षेत्रों, महिला एवं युवा प्रकोष्ठों, एवं सामाजिक सभी प्रकोष्ठ एवं कार्यकर्ताओं तथा जागरूक नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### मंत्री ओपी चौधरी ने लगाया मौलश्री का पौधा



**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने शनिवार को नवा रायपुर के सेक्टर-19 स्थित छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल की केंद्रीय प्रयोगशाला परिसर में मौलश्री पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव आर. शंगीता, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के सदस्य सचिव राजु अगसिमनि सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सिलयारी गैंगरेप मामले में विधायक की चुप्पी के विरोध में पुतला दहन

**रायपुर।** धरसींवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिलयारी चौकी क्षेत्र में नाबालिग के साथ हुए जघन्य गैंगरेप मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे ने जोरा मंडल के ग्राम पिरदा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक के बाद धरसींवा विधायक अनुज शर्मा की कथित चुप्पी एवं मामले में निष्क्रियता के विरोध में पुतला दहन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे ने आरोप लगाया कि विधायक की चुप्पी अपराधियों का मनोबल बढ़ाने वाली है। यह संदेह भी पैदा होता है कि इसको दबाने के आरोपों से घिरे सिलयारी चौकी प्रभारी जितेंद्र दुबे को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पीड़िता को न्याय दिलाने की लड़ाई अंतिम परिणाम तक लड़ती रहेगी। पूर्व विधायक धरसींवा अनिता योगेंद्र शर्मा ने कहा, एक बेटी के साथ इतनी गंभीर घटना होने के बावजूद भाजपा के जनप्रतिनिधियों का मौन रहना महिला सुरक्षा के दावों की पोल खोलता है। कांग्रेस महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के मुद्दे पर लगातार संघर्ष करती रहेगी। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। सिलयारी चौकी प्रभारी जितेंद्र दुबे को निलंबित किया जाए तथा पीड़ित परिवार को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए।

5 जून से 5 जुलाई तक आयोजित निःशुल्क कार्यक्रम में प्रविष्टियां आमंत्रित

# क्लाइमेट एक्शन मिशन कार्यक्रम के लिए पाणिग्राही एवं विश्वनाथ को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

विश्व पर्यावरण दिवस पर देश व प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एवं निर्देशक अमुजुरी विश्वनाथ ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा अज़रबैजान देश के राजधानी बाकू में नाउ फॉर क्लाइमेट विषय पर आयोजित विश्व स्तरीय कॉन्फ्रेंस लाइव इवेंट में वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए। इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ पाणिग्राही ने कहा कि ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। पर्यावरण इवेंट संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण संस्था द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस क्लाइमेट एक्शन मिशन 2026 कार्यक्रम भारत में आयोजन करने के लिए आधिकारिक रूप से स्वीकृति प्राप्त हुआ है।

संस्थागत तौर पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया एवं इंडिविजुअल कैटेगरी में डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एवं अमुजूरी विश्वनाथ के क्लाइमेट एक्शन मिशन इवेंट रजिस्टर हुआ, जिसका विश्व चित्रपट पर जोड़ा गया है।

ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के निर्देशक अमुजुरी विश्वनाथ ने कहा कि पर्यावरण में जलवायु परिवर्तन एवं इसके कारक को बराबरी रख कर इको फ्रेंडली एवं स्वस्थ्य माहौल बनाने में स्वयं जिम्मेदारी के साथ समस्त लोग को आगे बढ़ना है। 5 जून से 5 जुलाई तक निःशुल्क आयोजित संगोष्ठी, वेबिनार, जागरूकता, प्रदर्शनी, शिविर, प्रतियोगिता एवं पुरस्कार के लिए आम जनता, पर्यावरण प्रेमी, शिक्षक, विद्यार्थी, संवाद दाता, विभिन्न संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं के द्वारा प्रविष्ठियां आमंत्रित है। मैदानी स्तर पर पौधारोपण जनजागरण कार्यक्रम विश्व पर्यावरण दिवस पर दुर्ग स्थित बायोडायवर्सिटी गार्डन नगर वन में फलदार पौधों का रोपण किया गया। अगले चरण में बागबाहरा, महासमुंद, रायपुर, दंतेवाड़ा, गीदम, बस्तर समेत छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम स्थल पर महिलाएं एवं संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यगण द्वारा कार्ड बोर्ड में लिखित नारे के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भावी पीढ़ी को हरी भरी एवं बेहतर जीवन जीने योग्य धरती देने का संकल्प व्यक्त किया गया।



## नजूल जमीन पर रहने वाले गरीबों को मिलेगा मालिकाना हक, सर्वे जल्द

### नपा उपाध्यक्ष बोले- भाजपा की घोषणा पत्र वाली गारंटी हुई पूरी, 15 अगस्त तक भेजनी है सूची



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्रालय द्वारा प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार नियम 2023 के अंतर्गत सर्वे कराने का निर्देश जारी किया गया है। इसके तहत अब शहरी क्षेत्रों में नजूल सरकारी जमीन पर निवास कर रहे गरीब परिवारों को पट्टा जारी कर मालिकाना हक के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ शीघ्र मिलेगा। उक्त जानकारी देते हुए नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित प्रदेश व स्थानीय भाजपा नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि अब गरीबों के आवास से कोई वंचित नहीं रह सकता। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश ने नगरीय निकाय चुनाव के घोषणा पत्र में कहा था कि शहरी क्षेत्र में निवासरत शासकीय नजूल जमीन वालों को पट्टा जारी कर मालिकाना हक देकर प्रधानमंत्री आवास का लाभ हर गरीब परिवार को पहुंचाया जाएगा। उक्त घोषणा पत्र को अमल में लाते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार ने बड़ा व साहसिक कदम उठाया है, जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी भाजपा विधायक दल की बैठक में सरकारी जमीन में निवासरत परिवारों को पट्टा जारी करने की पहल की थी। परिणामस्वरूप सरकार ने शीघ्र ऐसे परिवारों की जानकारी मांगी है जिन्हें मालिकाना हक दिया जा सके।

## अखंड हरिकीर्तन से बढ़ती है आस्था और सामाजिक समरसताः आशीष

**पिथौरा (ग्रामीण)।** ग्राम गिरना में स्थित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक समारोह के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा अष्टप्रहरी हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में गिरना सहित आसपास के दर्जनों गांवों के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। ओडिशा सहित पांच कीर्तन मंडलियों ने क्रमबद्ध रूप से हरे कृष्ण, हरे राम संकीर्तन की मनमोहक प्रस्तुति देकर पूरे गांव को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।

भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत इस आयोजन में भाजपा मंडल पिथौरा के अध्यक्ष आशीष शर्मा, मंडल महामंत्री जतिन ठक्कर, मंडल उपाध्यक्ष सुधीर प्रधान, भाजपा नेत्री संकल्पना प्रधान तथा युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रियांशु दीक्षित सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक शामिल हुए। सभी ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि अखंड हरिकीर्तन जैसे धार्मिक आयोजन लोगों की आस्था को मजबूत करने के साथ-साथ समाज में प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में आयोजित होने वाले ऐसे कार्यक्रम आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा समाज को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई भी दी। भाजपा मंडल महामंत्री जतिन ठक्कर ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी समृद्ध परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी सशक्त बनाते हैं तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम में सरपंच देवमति बरिहा, रंकमणि प्रधान, छात्र नेता तामेश प्रधान, मिथुन भोई, सरपंच प्रतिनिधि जोगिंदर बरिहा, संजय प्रधान, मिनीकेतन प्रधान, विनोद बारिक, दाशरथी निषाद, दयानंद पटेल, विक्रम साहू, संतोष साहू, महेंद्र प्रधान, डिग्रीलाल साहू, सदानंद भोई, उपसरपंच गायत्री निषाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने जनभागीदारी से सड़क की मरम्मत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एनएच-53 से लगे ग्राम कौंवाझर के ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधयों ने आज जनभागीदारी से एनएच-53 से गांव तक पहुंचने वाली मुख्य मार्ग की मरम्मत कर चलने योग्य बनाया। उल्लेखनीय है कि ग्राम कौंवाझर के ग्रामीणों द्वारा लगातार उक्त मार्ग के निर्माण की मांग की जा रही है। एनएच-53 से कौंवाझर तक पहुंचने का यह एकमात्र मार्ग है। गांव के मुहाने पर तालाब इसी मार्ग से लगा है। अत्यंत जर्जर होने के कारण इस मार्ग में चलना मुश्किल हो जाता है तथा बरसात में तो स्थिति और बदहाल हो जाती है।

कुछ दिन पूर्व ही कलेक्टर द्वारा समस्त पंचायतों में मोर गाँव-मोर पानी अभियान 2.0 के तहत जल संरक्षण के लिए लघु संरचना सोख्ता निर्माण जनभागीदारी से कराए जाने का निर्देश जारी हुआ था। कौंवाझर के ग्रामीणों ने कहा कि हमारी सड़क निर्माण की मांग पूरी नहीं हो पाई, लेकिन कलेक्टर के आदेश के परिपालन में हम सभी ने मिलकर जल संरचना निर्माण कर आसपास पौधरोपण किए हैं। इसके लिए ग्रामीणों ने ग्राम सभा में प्रस्ताव बनाकर जल संरचनाओं के निर्माण व सड़क मरम्मत की रूपरेखा तैयार किया। इसके तहत सभी ने मिलकर आज जनभागीदारी से ग्राम पहुँच मार्ग को व्यवस्थित किया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सड़क हमारी मूलभूत जरूरत है, शासन-प्रशासन द्वारा मांगे अनसूना किया जा रहा है, इसलिए ग्रामीणों ने सामूहिक जनभागीदारी से सड़क मरम्मत कर व्यवस्थित करने का काम किया, जो सराहनीय पहल है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रजनी नेताम, रेवती बाई, बिसाहिन, चंपा, इंद्रा बाई, अहिल्या, भोजबाई, उत्तराबाई, रेखा, रजनी पारधी, बहुरा, मनटोरा, मुन्नी, आसो, सुकवारो, लता यादव, राजकुमारी, अनिता भगत, हेमबाई, भागवती, सोहागाबाई सहित बड़ी संख्या पंच गण, ग्रामीण जन, युवा उपस्थित रहे।



## वरिष्ठ नेता महिलांग के जन्मदिवस पर रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन

**महासमुंद।** नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष वरिष्ठ नेता त्रिभुवन महिलांग के जन्मदिवस को समर्थकों ने रक्तदान प्रेरणा दिवस पर मनाकर अनूठी मिसाल कायम की। बीते रात्रि सैकड़ों की संख्या में उनके बाज़ार वार्ड निवास स्थित कार्यालय के समीप एकत्रित होकर आतिशबाजी जलाकर उनके जन्मदिवस पर केक काटकर आयोजन की शुरुआत की। पश्चात नगर के समीप भलेसर रोड समीप भवन में रक्तदान प्रेरणा दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें 135 नागरिक युवाओं ने रक्तदान कर समाज सेवा के कार्यो में भागीदारी दिखाई।

रक्तदाताओं को त्रिभुवन महिलांग फैंस क्लब की ओर से वाहन उपयोगी हेलमेट व प्रमाण पत्र देकर उनके इस कार्य को निरंतर जारी रखने की बात कहीं। उपस्थित समर्थकों से महिलांग ने अपने जीवन को समाज सेवा मानव सेवा के प्रति पूर्ण समर्पण की बात दोहराई। जन्मदिवस पर स्थानीय नयापारा बाज़ार वार्ड रेलवे कालोनी के श्रम बाहुल्य वार्डों में केक काटकर जन्मदिन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभिन्न समाज के वरिष्ठजनों में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, देवीचंद राठी, रिंकू भाई, सीटू सलूजा, राजा गंभीर, किशन कोसरिया के साथ में नपा सभापति सूरज नायक, पार्षदगण विजय साव, राहुल आवड़े, सचिन गायकवाड़, संजय शर्मा, बबलू हरपाल, सुनील नायक, नीरज परोहा, रविंद्र महानंद, रिंकू भाई, पूर्व पार्षद अमन चंद्राकर, इमरोज अहमद, कुणाल रंगारी, रूपेश महिलांग, सोमेश सूरज चंद्राकर, अरीश अनवर, सगनजोत, युवराज, शबनम, यश चावला, गंगा बाघ, सलमान इदरीश,सिकंदर भाई, गिरधर आवड़े सहित अनेक संख्या में समर्थक शुभचिंतक उपस्थित थे।

## हेमंत के प्रयास से कोमाखान के जरूरतमंद का एम्स में ऑपरेशन

### एम्स में हुआ लक्ष्मीकांत का सफल किडनी ऑपरेशन, क्षेत्र में सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, इस बात को समाजसेवी हेमंत तिवारी ने अपनाते हुए किए गए प्रयासों और सहयोग के चलते कोमाखान के एक अत्यंत गरीब परिवार के सदस्य लक्ष्मीकांत सारथी को नया जीवन मिला है। गंभीर किडनी की बीमारी से जूझ रहे लक्ष्मीकांत का रायपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सफल ऑपरेशन हुआ।

#### ईंट भट्ठे में मजदूरी करने जाता है परिवार

बेहद आर्थिक तंगी से गुजर रहे पीड़ित लक्ष्मीकांत सारथी का परिवार आजीविका के लिए उत्तर प्रदेश के ईंट भट्ठों में मजदूरी करने जाता है। ऐसे में एम्स रायपुर जैसे बड़े अस्पताल में इलाज कराना और ऑपरेशन का खर्च उठाना इस गरीब परिवार के लिए एक असंभव था। बीमारी की गंभीरता और परिवार की लाचारी को देखते हुए हेमंत तिवारी ने जिम्मेदारी उठाई और अपने व्यक्तिगत व सामाजिक प्रयासों से एम्स रायपुर में सफल ऑपरेशन की राह आसान की।





#### इलाज के अभाव में संकट में था परिवार

जानकारी के अनुसार, कोमाखान निवासी लक्ष्मीकांत सारथी लंबे समय से गंभीर किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय होने के कारण वे बड़े अस्पतालों में महंगे इलाज का खर्च उठाने में पूरी तरह असमर्थ थे। स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बड़े केंद्र में ऑपरेशन की सलाह दी थी, जिससे परिवार के सामने जीवन और मौत का संकट खड़ा हो गया था। पूरी तरह स्वस्थ होने और सफल ऑपरेशन के बाद पूरे परिवार ने हेमंत तिवारी को साधुवाद दिया। बागबाहरा शासकीय अस्पताल में जब भी किसी गर्भवती महिला को आकस्मिक रूप से रक्त (ब्लड) की आवश्यकता होती है, हेमंत तिवारी समय-समय पर तत्काल ब्लड की व्यवस्था करवाने में सदैव तत्पर रहते हैं। कोरोना काल में बने रक्षक- वैश्विक महामारी कोरोना के भीषण संकट के दौरान, जब चारों तरफ दवाइयों और संसाधनों की किल्लत थी, तब हेमंत ने जरूरतमंदों तक आवश्यक दवाइयां और राहत सामग्री

### सट्टा खिलाते धरे गए चार सटोरिए, जेल दाखिल

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले चार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें अब्दुल रहमान निवासी ईदगाहभाठा, अभिषेक विश्वकर्मा उर्फ अंकित निवासी लिली चौक, राजा अग्रवाल निवासी अश्वनीनगर एवं दीपेश तिवारी तिरंगा चौक कुशालपुर शामिल हैं।

## सेंट्रल बैंक के जोनल दफ्तर में लगी आग, दस्तावेज जलकर हुए खाक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के बॉम्बे मार्केट स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जोनल दफ्तर में शनिवार को सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार आगजनी से दफ्तर में रखे कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक हो गए हैं। हालांकि आगजनी में कौन-कौन से दस्तावेज जले हैं, इसकी जानकारी बैंक द्वारा पुलिस को अभी नहीं दी गई है।

#### एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका


पुलिस की प्रारंभिक जांच में अभी यह पता नहीं चल पाया है कि आग कैसे लगी। हालांकि यह आशंका जरूर जताई जा रही है कि शॉट सर्किट या एसी यूनिट के कारण यह आग लगी है। फिलहाल पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## गंदगी मिली, थाली एक्सप्रेस, मधुशाला बार आईसीएच पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ नगर निगम जोन 5 की टीम ने हॉटल, भोजनालयों में की स्वच्छता की जांच

नगर निगम जोन 5 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को स्वच्छता से संबंधित जन शिकायत को संज्ञान में लेते हुए हॉटल भोजनालयों में स्वच्छता की जांच की। इस दौरान जन शिकायत सही पाए जाने पर गोल चौक क्षेत्र के थाली एक्सप्रेस हॉटल पर 3 हजार रुपए, मधुशाला बार में 3 हजार रुपए और कुशालपुर चौक स्थित इंडियन काफी हाउस में सफाई को लेकर की गई शिकायत सही पाए जाने पर 2 हजार रुपए जुर्माना किया। इसी तरह आमापारा में फल ठेला संचालक पर 1500 रुपए का जुर्माना किया।




नगर निगम की टीम ने संबंधित व्यवसायिओं को भविष्य के लिए चेतावनी देते हुए सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने की हिदायत दी है। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश पर जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्शन में जोन 5 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्पॉट पर जाकर स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू, प्रेम मानिकपुरी की स्थल पर उपस्थिति रही।

# पहली बार 50 लाख से अधिक जुर्माना, मशीन-गाड़ियों को छोड़ा, वैध खदानों में फिर से रेत खनन शुरू हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में पहली बार रेत खदानों पर अवैध और नियमों के विरुद्ध उत्खनन किए जाने पर खनिज विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए सभी खदानों को बंद कराते हुए बड़ी संख्या में हाईवा तथा चेनमाउंटेन मशीनों को जब्ती बनाया था।

■ राज्य एवं जिला खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने पखवाड़ाभर पहले की थी जिले में ताबड़तोड़ कार्रवाई

इस कार्रवाई से रेत कारोबारियों में हड़कंप भी मचा था। एक साथ सभी खदानें बंद होने से रेत की सप्लाई भी पर खासा असर पड़ा था, इस कार्रवाई के लगभग सप्ताहभर बाद विभाग ने जब्ती बनाए गए सभी हाईवा एवं मशीनों के मालिकों से जुर्माना राशि वसूली करने के बाद वाहन तथा मशीनों को छोड़ दिया है। वहीं बंद खदानों को भी चालू करने का आदेश जारी कर दिया है।

### 50 लाख रुपए से अधिक जुर्माना वसूला

जिले में वर्तमान में रेत की 6 खदानें ही वैध हैं। इन खदानों में भी नियमों के विरुद्ध रेत का उत्खनन तथा निर्धारित क्षेत्र से अधिक जगहों पर रेत का खनन किया जा रहा था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए विभाग ने आधा दर्जन से अधिक चेन माउंटेन मशीन तथा बड़ी संख्या में गाड़ियां पकड़ी थीं। इन सभी मशीन एवं गाड़ियों के मालिक से 50 लाख रुपए से अधिक जुर्माना राशि वसूल की गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक चेनमाउंटेन मशीन पकड़े जाने पर एक लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया जाता है, वहीं रेत से भरी प्रति हाईवा पर 28 से 30 हजार रुपए का जुर्माना है।

### 15 तारीख से खनन पर लगेगी रोक, इसलिए कार्रवाई नहीं



बारिश के सीजन में हर साल खदानों पर 10 से 15 जून के बीच से लेकर 10 से 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगता है, जो इस बार भी रहेगा। विभाग ने जरूर पखवाड़े भर पहले सख्त कार्रवाई कर खदानों को बंद किया था, लेकिन अब जब दोबारा खदानों में नियमों के विरुद्ध खनन कार्य हो रहे हैं, तो इसे बंद कराने में विभाग द्वारा भी अनदेखा किया जा रहा है। इसका एक ही कारण है बारिश का सीजन।

### जुर्माना भुगतान के बाद अनुमति

जुर्माना राशि का भुगतान करने के बाद सभी वैध खदानों को चालू करने की अनुमति दे दी है। जुर्माना के रूप में 50 लाख से अधिक समझौता राशि वसूल की गई है। किसी भी खदान में नियमों के खिलाफ उत्खनन होगा, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*- राजेश मालवे, उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर*

### रेत खदानों में मशीनों से खनन-लोडिंग कराना प्रतिबंधित

पर्यावरण-खनिज विभाग की गाइड लाइन के अनुसार खदानों में मशीन के जरिए रेत का उत्खनन एवं वाहन में लोडिंग किया जाना प्रतिबंधित है। इसके बाद भी खदानों में लगातार मशीनों के माध्यम से न केवल उत्खनन किया जा रहा है, बल्कि मशीनों से ही वाहन में रेत लोडिंग कराई जा रही है। विभाग ने मशीनों की जब्ती की और पहली बार 50 लाख रुपए का जुर्माना ठोंका। समझौते के बाद फिर से रेत खनन शुरू कर दिया गया है।



**खबर संक्षेप**

## पांच दिवसीय नाचा गम्मत विधा पर कार्यशाला 17 से

**नर्रा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के पारंपरिक लोक विधा छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनमोल धरोहरों में से एक नाचा गम्मत (लोक नाट्य) के संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान के उद्देश्य से अनुराग साहित्य एवं कला संस्था कुरूद (कठौली) एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के सहयोग से पांच दिवसीय नाचा गम्मत कार्यशाला का आयोजन धमतरी जिले के कठौली में किया जा रहा है। जिसमें नाचा गम्मत विधा के अनेक पहलुओं को प्रशिक्षण के माध्यम से परीक्षार्थियों को प्रशिक्षित करेंगे। साथ ही नाचा गम्मत विधा द्वारा स्वस्थ मनोरंजन करने के साथ में सामाजिक जागरूकता लाने कार्य सामाजिक जनचेतना लाने का कार्य, सामाजिक कुरीतियां मिटाने का कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, अंधविश्वास, नशा उन्मूलन पर आधारित नाटकों, हास्य व्यंग्य एवं उनके चुटीले संवादों के माध्यम से लोगों को प्रेरित करने जैसे कलाओं को प्रशिक्षण में सुनियोजित ढंग से प्रशिक्षु अजय उमरे, कामता साहू, परमेश्वर बर्रा द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी ने बताया कि यह आयोजन निःशुल्क है। अनुराग साहित्य एवं कला संस्थान कठौली के अध्यक्ष प्रशांत सोनवानी ने सभी इच्छुक छात्रों, नवयुवक, लोक कलाकारों को अनुरोध किया है कि उक्त आयोजन में शामिल होकर विलुप्त हो रहे हमारे संस्कृति को जीवंत करने में भागीदारी प्रदान करें।

# बड़ादेव महाकाल ठाना स्थापना दिवस पर आयोजन 13 को, सम्मिलित होंगे गोंडवाना गुरुदेव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

गोंडी धर्म-संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं समाज में एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से परम शक्ति बड़ादेव महाकाल स्थापना दिवस एवं महापूजा का आयोजन आगामी 13 जून 2026 शनिवार को ग्राम लुकाउपाली सोनाखान (बलौदाबाजार) में किया जाएगा। जहां प्रमुख रुप से गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति गुरुदादा एवं गुरुमाता का आगमन हो रहा है।

इस आयोजन को लेकर गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति व छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ द्वारा बैठक रखी गई। इस आयोजन को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई। खासतौर पर इस कार्यक्रम में गोंडी धर्म, संस्कृति, रीति-रिवाज, भाषा और परंपराओं के संरक्षण पर विशेष चिंतन होगा। साथ ही समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति, युवा एवं युवतियों की सहभागिता से धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना एवं महाभोज का आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान आयोजन समिति ने बताया कि गोंडी संस्कृति विश्व की प्राचीन संस्कृतियों में से एक है, जिसकी पहचान उसके धर्म, भाषा, कला और सामाजिक परंपराओं से होती है। वर्तमान समय में इन सांस्कृतिक मूल्यों को सुरक्षित रखने तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति एवं छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ महिला एवं युवा-युवती प्रभाग जिला बलौदाबाजार/महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा धारण कर धार्मिक आस्था एवं प्रकृति धर्म के सिद्धांतों के अनुरूप सहभागिता निभाएंगे। साथ ही महाभोज के लिए प्रति व्यक्ति एक किलो चावल अथवा 20 रुपए सहयोग राशि देने का आग्रह भी किया गया है।



समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की एकता, संस्कृति संरक्षण और भावी पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के समाजजनों में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर सुदर्शन सिंह ठाकुर पंडा पुजारी संरक्षक जिला, दीपक जगत जिलाध्यक्ष गोंडवाना संघ, भारतिको सिदार सचिव गोधसस जिला महासमुंद, दुकालु प्रसाद जगत जिला संगठन मंत्री, सुनेश नेताम ब्लाक अध्यक्ष गोंधसस सोनाखान, पुखराज ठाकुर उपाध्यक्ष कसडोल, श्रवण पोर्ते ब्लाक सचिव बसना, कुंजल जगत ब्लाक सचिव सोनाखान, लखनदेव पोर्ते, उत्तम नेताम, डिगेश पोर्ते, शिवलाल बाघ, अहिवन पोर्ते, सभी प्रमुख कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

**आयोजन :** नागरिकों व खिलाड़ियों ने साइकिल रैली में उत्साह लिया हिस्सा

# कलेक्टर ने साइकिल रैली पूरी कर नागरिकों को दिया फिटनेस जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण द्वारा विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में 7 जून रविवार को साइकिल रैली, योग, जुंबा, आत्मरक्षा जैसे गतिविधियों का आयोजन मिनी स्टेडियम से किया गया। प्रातः 8 बजे से साइकिल रैली निकाली गई। जिसमें वन विद्यालय, फिजिकल अकादमी, नेटबॉल, बास्केटबॉल, कराते, बैडमिंटन, फुटबॉल, हैंडबॉल, योग, हिट हॉप जुंबा, एनसीसी, मीडियाकर्मी, पत्रकारगण, नागरिक, अधिकारी एवं कर्मचारियों, सामाजिक संगठन, खेल संघ, माई भारत एवं कर्मचारी शामिल हुए।





साइकिल रैली मिनी स्टेडियम से प्रारंभ होकर बरोंडा चौक, शास्त्री चौक, गांधी चौक होकर मिनी स्टेडियम में समापन हुआ। रैली में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे ने उत्साह के साथ खिलाड़ियों, बच्चों, नागरिकों के साथ रैली में शामिल हुए। हितेश यादव एवं वैशाली ठाकुर ने हिट हॉप जुंबा टीम द्वारा कार्यक्रम में सुबह 7 से 8 बजे तक जुंबा डांस की आयोजित किया। जिसमें खिलाड़ियों, बच्चों, छात्रों एवं नागरिकों ने उत्साह के साथ जुंबा डांस किया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को फिटनेस, स्वास्थ्य लाभ एवं जागरुकता, नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करना है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। विश्व साइकि ल दिवस के अवसर पर आयोजित इस रैली के माध्यम से जिला प्रशासन ने लोगों से दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने और स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## समर चेस चैम्पियनशिप में दीपांशु बने विजेता



**महासमुंद।** स्थानीय बचपन प्ले स्कूल द्वारा ब्रिलियंट चेस अकादमी के संयुक्त सहयोग से रविवार को एक दिवसीय समर चेस चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। बौद्धिक प्रतियोगिता में नन्हे शतरंज खिलाड़ियों की बुध्दिमता ने सबको हैरान कर दिया। चैम्पियनशिप बेहद रोमांचक और कड़ी टक्कर वाली रही। कुल 5 राउंड के इस टूर्नामेंट में शीर्ष स्थानों के लिए खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दीपांशु पटले ने अजेय रहते हुए 5 में से 5 मैच जीतकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं आदर्श भोई दूसरे स्थान पर रहे, जबकि सिमरन लुनिया ने तीसरा स्थान पर रही। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह बच्चों में बुद्धिमत्ता, एकाग्रता, धैर्य और रणनीतिक सोच को विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर बचपन प्ले स्कूल एवं एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर नेहा लूनिया तथा ब्रिलियंट चेस अकादमी के डायरेक्टर संदीप पटले भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना, करेला उत्पादन से किसान दीपक की बढ़ी आय

**महासमुंद।** जिले के विकासखंड बसना अंतर्गत ग्राम बंसुलीडीह के प्रगतिशील किसान दीपक ने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर उद्यानिकी फसल अपनाकर अपने आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। स्नातकोत्तर शिक्षित दीपक ने वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत सब्जी क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के तहत करेला फसल का उत्पादन प्रारंभ किया। किसान दीपक बताते हैं कि उनके पास कुल 1.00 हेक्टेयर भूमि है, जिसमें संपूर्ण भूमि सिंचित है। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में करेला की खेती में ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग एवं आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग किया। नवीन तकनीकों के प्रयोग से फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन में अच्छी वृद्धि हुई।

पूर्व में दीपक अपनी भूमि पर धान की खेती करते थे, जिससे उन्हें लगभग 42,300 रुपए का लाभ प्राप्त होता था। उन्होंने उद्यानिकी विभाग की योजनाओं से प्रेरित होकर करेला की खेती को अपनाया। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से उन्हें प्रति एकड़ लगभग 18 टन करेला उत्पादन प्राप्त हुआ तथा करेला का औसत मूल्य 30 रुपए प्रति किलोग्राम मिला। उन्होंने उत्पादन की बिक्री सरायपाली एवं पड़ोसी राज्य ओडिशा के बाजारों में की। वे बताते हैं कि इससे उन्हें लगभग 2.95 लाख रुपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। दीपक का कहना है कि उद्यानिकी खेती अपनाने से उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

बढ़ी हुई आय से उनके परिवार का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। वे नियमित रूप से उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के संपर्क में रहकर नई तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त करते हैं तथा उनका लाभ उठाते हैं। उनकी सफलता से प्रेरित होकर ग्राम बंसुलीडीह सहित आसपास के क्षेत्रों के अनेक किसान उद्यानिकी फसलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

# सुशासन में अब मजदूरों के साथ खुला अन्याय: अंकित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि विगत दिनों ग्राम पंचायत खोपली विकासखंड बागबाहरा से कुछ मजदूरों के कार्य स्थल चमरा तालाब गहरीकरण की जगह में पहुंचकर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

ग्रामीणों ने बताया कि हमारे ग्राम में स्थाई रोजगार सहायक नहीं है, उसके बावजूद हम सब ग्रामीण सभी मिल जुलकर मजदूरी करते हैं और स्थानीय मेट और सचिव के माध्यम से मस्टर रोल संधारित होता है। विगत दिनों तालाब गहरीकरण 25 मई से 31 मई के मध्य तालाब के बीच से लगभग 4 फ़ीट गड्ढे से गाद निकालने का काम किया गया, जिसे बहुत उपजाऊ उर्वरक का काम करता है कहकर कई किसान ट्रैक्टर में भरकर अपने खेत में ले गए। इसी हफ्ते अंत में बारिश हो गयी, जिससे तालाब के गाद निकाले हिस्से में पानी भर गया और जब कार्य का मूल्यांकन हुआ तो बताए जाने पर भी मूल्यांकन बहुत कम का किया गया, जिससे मात्र 83 रुपए प्रति दिन की मजदूरी ही मिल रही है, यही बातें वहां उपस्थित महिलाओं ने भी बताई। इस संदर्भ ने अंकित ने तत्काल ग्राम सचिव से बात की और आगे इसे जनपद सीईओ से चर्चा कर सुधरवाने की कोशिश की। अंकित ने कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले मतदाता सरकार तय करते थे, पर अब कलयुग में नरेंद्र मोदी युग में अब सरकार मतदाता तय कर रही है। किसान का धान, बीज, दवाई सरकार तय कर रही। इसी प्रकार पहले मनरेगा में मजदूर काम मांगता था और गांव वाले काम तय करते थे आगे गाँव में क्या काम होगा ये सरकार तय करेगी। इसे कहते हैं वास्तविक अघोषित आपात काल।



अंकित ने कहा कि खोपली के चमरा तालाब गहरीकरण 4 मई से शुरू है। 25 मई 31 मई के बीच लगभग 130 से 135 महिला पुरुष काम किये हैं। जिसमें रोजी मात्र 83 से 85 रुपए प्रति दिन की रोजी आई है इसे सुधारा जाए। इस समय मुख्य रूप से ग्राम के उपसरपंच जयंती चंद्राकर, पुराणिक निराला, महेंद्र कुमार साहू, टेकुराम, कृतराम, धनेश कुमार, घनश्याम, विद्याभूषण, तुलाराम, घनश्याम, मोहित राम, रूपसिंग, प्रेमिन, पुष्कर, जानकी, पूर्णिमा, मिलापा, दुलारी, ओम्बाई, सुरजा बाई, सुशीला, लक्ष्मी, चमेली, गीता, सरस्वती, रामेश्वरी सहित 100 से ज्यादा मजदूर उपस्थित थे।

# दागी कर्मचारियों को बचाने और संरक्षण देने में लगा पुलिस विभाग: चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के सांकरा थाना क्षेत्र में पुलिस विभाग के एक आरक्षक द्वारा रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के बाद विभाग द्वारा दोषी पर कड़ी कार्रवाई करने के बजाय महज लाइन अटैच किए जाने पर महासमुंद के पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। डॉ. चोपड़ा ने इस पूरी प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि जब किसी अन्य सरकारी विभाग का कोई कर्मचारी रिश्वत लेते हुए पकड़ा जाता है, तो उसे तुरंत जेल भेजा जाता है और उस पर एफआईआर दर्ज की जाती है। परंतु, विडंबना यह है कि पुलिस विभाग, जिसके हाथ में कानून की कलम और कागज दोनों हैं, वह अपने ही दागी कर्मचारियों को बचाने और उन्हें संरक्षण देने में लगा हुआ है।



पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने साफ तौर पर कहा कि सोशल मीडिया पर वीडियो का वायरल होना अपने आप में भ्रष्टाचार का एक पुख्ता और प्रत्यक्ष सबूत है। ऐसी स्पष्ट स्थिति में दोषी आरक्षक पर बिना किसी देरी के तुरंत एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेजा जाना चाहिए था। उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली पर कहा कि लगातार यह देखने में आ रहा है कि पुलिस महकमा विभागीय जांच के नाम पर केवल औपचारिकता और खानापूर्ति करता है। कुछ समय बीत जाने के बाद किसी दोषी कर्मचारी की वेतन वृद्धि रोककर उन्हें पुनः बहाल कर दिया जाता है, जिसके कारण जनता को प्रताड़ित करने वाले और भ्रष्टाचार में लिप्त लोग समाज में मजे से घूमते रहते हैं।

डॉक्टर चोपड़ा ने कड़े शब्दों में मांग की है कि रिश्वतखोरी के ऐसे मामलों में तत्काल प्रभाव से निलंबन और एफआईआर की सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिसके बाद न्यायालय द्वारा दिए गए कानूनी फैसले के आधार पर ही आगे का अंतिम निर्णय लिया जाए। पुलिस विभाग द्वारा गंभीर अपराधों में संलिप्त अपने ही कर्मचारियों को बचाने की इस गलत और अनुचित परंपरा के खिलाफ पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री से लिखित शिकायत कर इस पूरे मामले में उच्च स्तरीय हस्तक्षेप और सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी।

## शराब बेच रहे युवक पर की गई कार्रवाई

**महासमुंद।** भलेसर रोड नहर किनारे शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वाले एक युवक पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलने के बाद भलेसर रोड नहर किनारे आम पेड़ के पास पहुंचकर पुलिस ने आरोपी विकास कुमार सूर्या पिता चीकू कुमार सूर्या (21 साल) निवासी वार्ड नं 09 छिपियापारा महासमुंद के कब्जे से 23 नग पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 3040 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई।

**बरोंडा बाजार के युवाओं ने पेश की मिसाल, ग्रामीणों ने की प्रशंसा**

# पांच वर्षों से कर रहे पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए ग्राम बरोंडा बाजार के युवाओं ने मुक्तिधाम सेवा समिति का गठन किया है। यह समिति पिछले पांच वर्षों से निरंतर वृक्षारोपण अभियान चला रही है और न केवल पौधे लगा रही है, बल्कि उनकी देखभाल (संरक्षण) के लिए भी समर्पित है।

समिति के युवाओं का मानना है कि केवल पेड़ लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य के साथ, समिति के सदस्य हर साल पौधे लगाते हैं और नियमित रूप से उनमें पानी देने व उनकी सुरक्षा करने का कार्य स्वयं कर रहे हैं। इन पांच वर्षों के अथक प्रयासों से आज मुक्तिधाम का परिसर हरियाली से आच्छादित हो चुका है। मुक्तिधाम सेवा समिति का मुख्य लक्ष्य केवल परिसर को हरा-भरा बनाना ही नहीं है, बल्कि अन्य ग्रामीणों और युवाओं को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। समिति के सदस्यों का कहना है कि बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के इस दौर में वृक्षारोपण ही एकमात्र समाधान है।




### मुहिम बनी प्रेरणास्रोत

बरोंडा बाजार के युवाओं द्वारा शुरू की गई यह मुहिम न केवल गांव के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। इनकी कार्यशैली यह दर्शाती है कि यदि युवा संकल्प ले लें, तो प्रकृति का संरक्षण और पर्यावरण का संवर्धन सुनिश्चित है। ग्रामीणों ने इस पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है और आशा व्यक्त की है कि यह समिति भविष्य में भी पर्यावरण के प्रति अपनी इसी सक्रियता को बनाए रखेगी।

# विधायक योगेश्वर ने जीवतरा में ग्रामीणों से की भेंट मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

रविवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम पंचायत परसदा (ख) के आश्रित ग्राम जीवतरा में आमजनों से भेंट मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने ग्रामवासियों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना।

वहीं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न विकास कार्यों के रूपरेखा पर भी चर्चा की गई तथा क्षेत्र की विभिन्न मांगों के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों ने गांव में सड़क निर्माण, शेड निर्माण सहित अन्य मांगों को विधायक के समक्ष रखा। उन्होंने मांग एवं आवश्यकता के अनुसार उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं बना रही है। इन योजनाओं और नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। आगे कहा कि इसलिए अपने विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्रों में आमजनों के बीच पहुंचकर योजनाओं के प्रगति के संबंध में जानकारी ले रहे हैं। हमारा प्रयास है कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। विधायक सिन्हा ने गांव में नवविवाहित बहनों से मिलकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं भी प्रेषित की। वहीं समस्त ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए क्षेत्र के विकास के प्रति उनके निरंतर प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पवन पटेल, भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री डॉ माखन सिन्हा, जनपद सदस्य पुष्पा ध्रुव, ग्राम पंचायत परसदा (ख) सरपंच मिथलेश सिन्हा, शक्ति केंद्र प्रभारी रमेश शर्मा, बूथ अध्यक्ष टीकम देवांगन, युवराज राजपूत, शोभाराम साहू, उदय राम मोंगरे, मोहन साहू, रूपलाल ध्रुव, तोरण लाल ध्रुव, सनकादिक ध्रुव, मोहित साहू, उदय राम साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।